15012025-DTM-07_27DT02A.qxd 1/14/2025 10:34 PM Page 1

खबर है...

विधायक ने की नंदी गौशाला में 10 लाख देने की घोषणा

उचाना में मंच पर मौजूद विधायक देवेंद्र अत्री के प्रतिनिधि रामचंद्र अत्री। -निस

उचाना (निस) : मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में बाईपास रोड पर स्थित नंदी गौशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य रूप से कार्यक्रम में देवेंद्र चतुर्भुज अत्री विधायक के प्रतिनिधि रामचंद्र अत्रि पहुंचे। विधायक ने 51000 नंदीशाला में अपनी तरफ से दान दिया। 10 लाख रुपये विधायक कोटे से देने की घोषणा की। कार्यक्रम में राजनीतिक और गैर-राजनीतिक लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अध्यक्ष नगरपालिका विकास ने 11 लख रुपये सरकारी सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया। रामचंद्र अत्री ने कहा कि गौ सेवा से बड़ा कोई दान नहीं। हमेशा हमें गौ सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। सभी लोगों ने गौशाला में भंडारा ग्रहण किया। इस मौके पर प्रधान श्याम सुंदर, उपप्रधान देवी लाल, अशोक बंसल, महेंद्र, राजेश जैन, देवी प्रसन्न, बलवान शर्मा, रघुवीर फौजी, रामनिवास, ओम शर्मा, चंद्रपाल शर्मा, सत्यनारायण मखंड मौजूद रहे।

राजनीतिक सचिव ने भूपेंद्र राणा के पिता के निधन पर जताया शोक

जगाधरी में भाजपा नेता भूपेंद्र राणा के निवास पर पहुंचे सीएम के राजनैतिक सचिव तरुण भंडारी। -हप्र

जगाधरी (हप्र) : हरियाणा के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी ने भाजपा नेता भूपेंद्र राणा के पिता योगराज राणा के निधन पर गहरा शोक जताया है। मंगलवार को तरुण भंडारी जगाधरी में भूपेंद्र राणा के निवास पर पहुंचे। उन्होंने राणा परिवार का दुःख साझा करते हुए कहा कि बुजुर्गों का हाथ सिर से उठना बहुत पीड़ादायक होता है, लेकिन कुदरत के आगे सब बेबस हैं। उन्होंने कहा कि स्व. योगराज राणा बहुत खुशमिजाज शख्सियत थे। उनकी कमी हमेशा खलेगी। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए तरुण भंडारी ने कहा कि भाजपा हमेशा विकास कार्य करती है। इस अवसर पर भूपेंद्र राणा, जितेंद्र सिंह, देवेंद्र चावला, पूर्व पार्षद राजेश सचदेवा, मुशर्रफ अली, काला नंबरदार, राजेंद्र अरोड़ा, रामपाल कंबोज आदि भी उपस्थित रहे।

डॉ. वीरेन्द्र पॉल बने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव

कुरुक्षेत्र विवि में नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल का स्वागत करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। -हप्र

कुरुक्षेत्र (हप्र) : हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारु दत्तात्रेय के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आईआईएचएस के अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वीरेन्द्र पॉल को तत्काल प्रभाव से कुलसचिव नियुक्त किया गया है। ये जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि बुधवार देर सायं डॉ. वीरेन्द्र पॉल ने कुवि कुलसचिव पद का कार्यभार संभाला और इस अहम जिम्मेवारी सौंपने के लिए हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारु दत्तात्रेय व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट प्रकट करते हुए कहा कि वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में नैक से मान्यता प्राप्त ए-प्लस-प्लस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शोध, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी रहने का सार्थक प्रयास करेंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल को बधाई व शुभकामनाएं दी।

छात्राओं को नशामुक्ति और प्राथमिक उपचार का संदेश

सीवन में कार्यक्रम में उपस्थित कैंप में भाग ले रही छात्राएं व स्टाफ के सदस्य। -निस

सीवन (निस) : सीवन के पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन छात्राओं को जागरूकता और कौशल प्रशिक्षण का अनोखा अनुभव प्रदान किया गया। शिविर के विशेष सत्र में माउंट एवरेस्ट विजेता और सब-इंस्पेक्टर श्याम लाल ने छात्राओं को समाज में बढ़ रहे नशे के खतरों के प्रति सचेत किया। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को बल्कि समाज को भी नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने छात्राओं को किसी भी नशा संबंधित गतिविधियों की सूचना साझा करने के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 और 108 का उपयोग करने की जानकारी दी। दोपहर के बाद आयोजित सत्र में रैडक्रॉस सोसायटी के डॉ. ज्ञानचंद भल्ला ने प्राथमिक चिकित्सा की अहम विधियां सिखाई। शिविर के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने आज के सभी विशिष्ट अतिथियों, शिक्षकों प्राध्यापक गुरुदेव सिंह, गोपाल दास और अनीता वर्मा का सहयोग और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

डेरा प्रेमी की पार्थिव देह मेडिकल रिसर्च के लिए दान दी

कैथल में डेरा प्रेमी शिव नारायण की अर्थी को कंधा देती बेटी व पुत्रवधू। -हप्र

कैथल (हप्र) : शहर के खुराना रोड बाईपास निवासी डेरा प्रेमी शिव नारायण इन्सां (81) मंगलवार अल सुबह इस संसार को अलविदा कह गये। इसके पश्चात उनकी आखिरी इच्छा अनुसार खजन द्वारा कैथल ब्लॉक साध संगत के सहयोग से डेरा सच्चा सौदा द्वारा चलाई गयी अमर सेवा मुहिम के तहत उनका मृत शरीर मेडिकल रिसर्च हेतु अजय संगल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च एवं आयुष्मान अस्पताल झिंझाना, शामली यूपी को दान किया गया। इससे पूर्व स्वर्गीय शिव नारायण के मृत शरीर को फूलों से सजाई गई एंबुलेंस में रखा गया तथा डेरा प्रेमी के आवास से लेकर खुराना रोड बाईपास तक उनकी अंतिम विदाई यात्रा निकाली गई। डेरा प्रेमी की अर्थी को बेटी, पुत्रवधू और पौत्री ने कंधा देकर समाज को एक सशक्त संदेश दिया।

गांव उझाना एवं धरोदी के कार्यक्रमों में ढोल-नगाड़ों एवं फूलमालाओं के साथ स्वागत

हरियाणा हरि, शिव, कृष्ण एवं वीरों की भूमि है : कृष्ण बेदी

मंत्री ने लगभग 4 करोड़ रुपये की राशि के विकास कार्य किये मंजूर

नरवाना, 14 जनवरी (निस)

नरवाना के गांव उझाना में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी को शाल ओढ़ा कर सम्मानित करते आयोजक। -निस

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि हरियाणा त्योहारों की धरती है और प्रत्येक त्योहार जन मानस को समरसता, आपसी प्रेम तथा भाईचारे का संदेश देता है।

प्रदेश के त्योहारों में मकर संक्रांति का अपना विशेष महत्व है। इस दिन हरियाणा वासी कन्या एवं गाय की पूजा करते हैं तथा अपनी सामर्थ्य अनुसार उन्हें दान व दक्षिणा देकर देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

यह विचार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने मंगलवार को गांव उझाना में बाबा खाकनाथ डेरा उझाना तथा बाबा जमीननाथ गौशाला धरोदी में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किए। गांव उझाना में मकर संक्रांति के वार्षिक उत्सव के दौरान मेडिकल चैकअप व रक्तदान शिविर भी लगाया गया।

बेदी ने आगे कहा कि अन्य त्योहारों की तरह मकर संक्रांति के त्योहार पर भी सभी हरियाणवी एक-दूसरे को बधाई देते हैं और देव, ऋषियों से प्रत्येक व्यक्ति के सुखमय जीवन की कामना करते हैं। हरियाणा को हरि, शिव, कृष्ण एवं वीरों की भूमि भी माना जाता है और अनेक त्योहारों पर पवित्र तीर्थ स्थानों में स्नान करके प्रत्येक व्यक्ति पुण्य कमाता है। आज मकर संक्रांति का पवित्र और बड़ा ही सौभाग्य का दिन है।

यदि कोई मनुष्य पावन तीर्थ स्थान पर स्नान करता है तो उसे बहुत ही पुण्य मिलता है। गांव उझाना के निवासी बड़े ही सौभाग्यशाली है कि यह स्थान उनके गांव में स्थित है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने सिद्ध बाबा खाकनाथ के आसन उझाना में पूजा-अर्चना की और तीर्थ पर स्नान भी किया। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों द्वारा रखी गई सभी मांगों जैसे तीर्थ का सौंदर्यीकरण, पार्किंग स्थल को पक्का करने, डेरा के चारों तरफ के रास्ते को पक्का करने तथा लाइटें लगवाने, श्रद्धालुओं के लिए शैड का निर्माण इत्यादि मांगों का एस्टीमेट बनवाकर काम शुरू करवाने का आश्वासन दिया तथा ग्राम पंचायत द्वारा गांव के विभिन्न विकास कार्यों के लिए रखी गई लगभग एक करोड़ रुपये की मांग को मंजूर करते हुए पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री ने गांव धरोदी में बाबा जमीननाथ गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा रखी गई मांग गौशाला में शैड के लिए 90 लाख रुपये, ट्रैक्टर सहित चारा काटने मशीन के लिए 35 लाख रुपये, एनिमल क्रिमीनेशन इनसिनरेटर के लिए 35 लाख रुपये, और लगभग 1 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत के कार्यों को अगले आयोजकों द्वारा कार्यक्रमों में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का ढोल-नगाड़ों एवं फूलमालाओं के साथ स्वागत किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान भी किया गया।

इस मौके पर महंत योगी पीर राजनाथ, महंत योगी पीर पूर्णनाथ, आईपीएस कुलदीप चहल, महारानी इंद्रजीत कौर, पूर्व ओएसडी अमरजीत सिंह, डॉ. दीपक नैन, बिनैन खाप के प्रधान रघबीर नैन, उप प्रधान भगत राम, गौशाला के प्रधान ईश्वर सिंह, सरपंच अमित धरोदी, सरपंच सुनील उझाना, प्रेस प्रवक्ता भाजपा नरवाना विकेश तागरा, पंचायत समिति अध्यक्ष नरवाना बिट्टू नैन, पंचायत समिति अध्यक्ष उझाना गुरमेल सिंह, बलदेव वाल्मीकि, सुशील नायक एडवोकेट, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

बेटे की संदिग्ध मौत के मामले को हत्या में कराया दर्ज

समालखा, 14 जनवरी (निस)

समालखा थाना पुलिस ने मनाना गांव के एक युवक की करीब चार माह पहले हुई संदिग्ध मौत के मामले मे विधवा मां की गुहार पर मृतक की पत्नी सरोज, साले, सास, ससुर व एक अन्य युवक सहित पांच के खिलाफ हत्या व सबूत छिपाने की धाराओं में मुकद्दमा दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक मनाना निवासी रजनीश की सवा तीन महीने पहले 28 सितंबर की सुबह संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। पुलिस को बताया गया कि उसने फांसी ली है। पुलिस ने आत्महत्या का मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया था, लेकिन इस संदिग्ध मौत के मामले मे उस समय नया मोड़ आ गया जब मृतक युवक की विधवा मां संतोष मामले को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के दरबार में पहुंच अपना दुःखड़ा सुनाया और मामले की परत दर परत खोली। मनाना निवासी ईश्वर सिंह की विधवा संतोष ने अपनी शिकायत में हत्या करने का आरोप लगाया है। विधवा संतोष ने पुलिस पर आरोप लगाया कि बेटे रजनीश की मौत की आज तक जांच तक नहीं की गई। उसने आरोप लगाया कि उसके बेटे की हत्या की गई है। विधवा संतोष ने बेटे रजनीश की मौत के लिए बहू सरोज, प्रेमी कर्मवीर के अलावा उसके भाई सचिन व मां अनीता व पिता नाहर सिंह को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

लाडवा में पहले कैंसर जांच शिविर का किया उद्घाटन

गरीब लोगों के कैंसर के इलाज के लिए उपलब्ध करवाई जाएगी आर्थिक सहायता : सुमन सैनी

कुरुक्षेत्र, 14 जनवरी (हप्र)

कुरुक्षेत्र में राज्य बाल कल्याण की उपाध्यक्ष सुमन सैनी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते आयोजक। -हप्र

हरियाणा राज्य बाल कल्याण की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि लाडवा हलका के गरीब लोगों के कैंसर का इलाज निःशुल्क करवाया जाएगा। इन लोगों को इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

इस लोकसभा क्षेत्र कुरुक्षेत्र के नागरिकों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के माध्यम से सांसद रहते हुए 1 करोड़ 80 लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जा चुकी है।

उन्हीं के प्रयासों से ही लाडवा हलका के नागरिकों के लिए पहला कैंसर जांच शिविर लगाया गया है। इस जांच शिविर में डॉक्टरों की रिपोर्ट के अनुसार 2 लोगों को कैंसर पाया गया है और 10 लोगों में कैंसर होने के लक्षण मिले हैं, लेकिन आगामी जांच के बाद इस बीमारी की पुष्टि हो पाएगी।

वे मंगलवार को लाडवा अस्पताल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से राजीव गांधी कैंसर अस्पताल के सहयोग से लगाए गए पहले कैंसर जांच शिविर में बोल रही थीं। इससे पहले उपाध्यक्ष सुमन सैनी, मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, सीएमओ डॉ. सुखबीर सिंह ने विधिवत रूप से कैंसर जांच शिविर का उद्घाटन किया।

जांच शिविर में 500 लोगों ने अपना पंजीकरण करवाया और 2 लोगों की कैंसर रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई, जबकि 10 लोगों को कैंसर होने की आशंका व्यक्त की गई। इन लोगों को आगामी जांच के लिए एलएनजेपी अस्पताल में भेजा गया है।

सीएमओ डॉ. सुखबीर सैनी ने मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से ही राजीव गांधी कैंसर अस्पताल की टीम लाडवा शिविर में पहुंची है।

इस मौके पर जिला परिषद की अध्यक्ष कंवलजीत कौर, नपा अध्यक्षा साक्षी खुराना, नायब तहसीलदार बलकार सिंह, एसएमओ डॉ. कृष्ण कांत, डॉ. गणेशदत्त, डॉ. शशी रहेजा, डॉ. हरमीत गोयल, डॉ. ब्रिजेश, डॉ. ज्योति नैन, डॉ. विवेक शुक्ला, डॉ. प्रवीण कौर सहित अन्य चिकित्सक और अधिकारी उपस्थित थे।

कैडेट स्टेट जूडो में कैथल की टीम बनी चैंपियन

कैथल (हप्र) : गांव दनौदा में संपन्न हुई सब जूनियर एवं कैडेट स्टेट जूडो चैंपियनशिप में इतिहास रचते हुए कैथल की सब जूनियर टीम लड़के और लड़कियां दोनों वर्गों में चैंपियन बनी। कैडेट लड़कों में भी चैंपियन और लड़कियों में रनरअप रही। संदीप डीपी सचिव जिला जूडो संघ ने बताया कि प्रतियोगिता में कैथल ने 8 गोल्ड, 6 सिल्वर और 7 कांस्य पदक सहित कुल 21 पदक अपने नाम किए हैं। जूडो कोच जोगिंदर ने बताया कि विहान, जशन, यश, हेतल, दिशा, जैशना, गुरप्रीत, प्राची और खुशी का चयन 18 से 22 तक पूणे महाराष्ट्र में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। इस उपलब्धि के लिए टेक सिंह जूडो कोच, राज रानी जिला खेल अधिकारी कैथल, अमरजीत राविश और सपना जूडो कोच ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

सार्वजनिक सूचना

समक्ष : सम्पदा अधिकारी, एचएसवीपी
नाम : अर्बन एस्टेट, पंचकूला

विषय : मालिक स्व. श्री सूरत सिंह पुत्र स्व. श्री वरयाम सिंह की मृत्यु होने के कारण मकान नं. 1098, सेक्टर-4, अर्बन एस्टेट, पंचकूला के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

रिकार्ड के अनुसार उक्त प्रॉपर्टी के मालिक स्वर्गीय श्री सूरत सिंह की 19.09.2021 को मृत्यु हो चुकी है और उनकी श्रीमती अमरजीत कौर के पक्ष में वसीयत नं. 827, बुक नं.-3, पेज नं.-7, दिनांक 19.10.2011, सब रजिस्ट्रार, पंचकूला के तहत पंजीकृत है।

श्रीमती अमरजीत कौर पत्नी स्व. श्री सूरत सिंह निवासी मकान नं. 1098, सेक्टर-4, पंचकूला ने पंजीकृत वसीयत के आधार पर अपने पक्ष में उक्त प्रॉपर्टी की ट्रांसफर के लिए आवेदन किया है तथा श्रीमती अमरजीत कौर के नाम पर पुनः अलाटमेंट हेतु आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्लाट/मकान के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज है तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर संपदा अधिकारी एचएसवीपी, पंचकूला के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त संपत्ति एचएसवीपी नीति अनुसार संपदा अधिकारी द्वारा हस्तांतरित/पुनः अलाटमेंट कर दी जाएगी और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

वसीयत धारक : श्रीमती अमरजीत कौर,
DI-23223 **संपदा अधिकारी की ओर से।**

'गौरवशाली संस्कृति हमेशा देश का ताज बनकर चमकती रहेगी'

कलायत, 14 जनवरी (निस)

कलायत में ऐतिहासिक मंदिर में दान किए गए कपाटों के साथ समाजसेवी व गौभक्त मेवा सिंह बिढ़ान। -निस

उपमंडल के ऐतिहासिक गांव खंडालवा स्थित हजारों वर्ष प्राचीन शिव मंदिर व गऊशाला की धरोहर को विश्व पटल पर चमकाने में श्रद्धालु कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी कड़ी में विरासत को चार चांद लगाने के लिए गांव जुलानी खेड़ा के कुंदन परिवार के प्रसिद्ध प्रमुख समाजसेवी व गौभक्त मेवा सिंह बिढ़ान तथा उनकी पत्नी ज्ञानो देवी भी पीछे नहीं हैं। उनके द्वारा मकर संक्रांति अवसर पर हर साल की भांति 150 गर्म कंबल मंदिर में बंटवाने के साथ गौशाला में उपस्थित गायों की सेवा की गई।

उल्लेखनीय है कि समाज सेवी व गौभक्त मेवा सिंह बिढान व उनकी पत्नी ज्ञानो देवी गत कई वर्षों से मंदिर में दान के साथ साथ व गऊओं की सेवा करते आ रहे हैं। पूर्व में उनके द्वारा मन्दिर में 17 किलो चान्दी के आकर्षक कपाट, नंदी के सामने से शिवालय के अन्दर जाने वाले द्वार पर लगाये गये। इसके साथ उनके द्वारा मंदिर में 1.5 किलो चांदी का मुकुट शिवलिंग पर लगाने के लिए भेंट किया तथा गऊशाला में एक ट्रैक्टर जिसकी कीमत 3,51,000 रुपए सहित गऊओं के चारे के लिए जमीन खरीदने के लिए 11 लाख रुपए नगद, रसोईघर से बाहर तालाब तक पाइपलाइन बिछाने, सर्दियों में ठंड से गायों को बचाने के लिए अभी तक 375 मण गुड़ व दो ट्राली खल की सेवा तथा दो बार मन्दिर परिसर में भागवत कथा करवाई गई। इसके अलावा उनके द्वारा समय-समय व आवश्यकता अनुसार गऊओं की व मन्दिर की सेवा करते रहते हैं। प्राचीन शिव के मंहत रघुनाथ गिरी, मास्टर बलबीर सिंह प्रधान शिव मंदिर व गोपाल शर्मा और अन्य शिवभगतों ने कहा कि समाजसेवी व गौभक्त मेवा सिंह बिढान ने कुन्दन परिवार में जन्म लेकर समाज हित में किये गए कार्यों से परिवार व पूरे गांव का नाम रोशन किया है। समाजसेवी, भगत मेवा सिंह बिढान ने कहा है कि भारत की गौरवशाली संस्कृति हमेशा देश का ताज बनकर चमकती रहेगी। इस शान को कायम रखना हर किसी का नैतिक दायित्व बनता है। इसलिए तन-मन-धन से श्रद्धा के अनुसार प्राचीन धरोहर के संरक्षण के लिए तत्पर रहना चाहिए।

महाराजा सूरजमल के मुद्दे पर बोले, शहीदों को एक वर्ग से जोड़ना ठीक नहीं

भाजपा राज में सबका साथ, सबका विकास : तरुण भंडारी

यमुनानगर, 14 जनवरी (हप्र)

यमुनानगर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते मुख्यमंत्री के राजनितिक सचिव तरुण भंडारी एवं अन्य। -हप्र

पंजाबी-हरियाणा एकता मंच की ओर से ज्योति पैलेस में माघी के उपलक्ष्य पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच की प्रदेश अध्यक्ष मलिक रोजी आनंद ने की। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व मुख्यमंत्री के राजनितिक सचिव तरुण भंडारी ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की।

उन्होंने कहा कि माघी हमारा पारम्परिक त्योहार है। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की नीति पर चलती है। वहीं कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, पूर्व मेयर मदन चौहान, डीएसपी राजीव मिगलानी और शहर की प्रतिष्ठित हस्तियां भी मौजूद रही। यमुनानगर के जिला अध्यक्ष अनिल ठकराल ने माघी कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी का स्वागत किया। मलिक रोजी आनंद ने मंच की गतिविधियों के बारे में बताया मंच माघी कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित करता है। वर्तमान में पंजाबी-हरियाणा एकता मंच 18 जिलों में सेवा कार्य कर रहा है। सिविल अस्पताल में भंडारों का आयोजन, लड़कियां की शिक्षा, रक्तदान शिविर और अन्य मानवसेवा कार्य किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में मोहन लाल खन्ना, वीरेंदर मेहंदीरत्ता, राजेश खरबंदा, एस पी चोपड़ा, राज चावला, मोनिका खुराना, अमरजीत दयाल, सुखविंदर मंडेबर, जगदीश बबर, सिकंदर मल्होत्रा, हरीश डांग, विभोर पूजा, कवरभान मेहता भी मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री के राजनितिक सचिव तरुण भंडारी ने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल के समय में विकास की जो लाइन शुरू हुई थी वह अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा लगातार आगे बढ़ाई जा रही है। समाज के सभी वर्गों के लिए विकास कार्य किया जा रहे हैं। महाराजा सूरजमल के इतिहास को स्कूली इतिहास में जोड़कर भाजपा जाटों का लाभ लेना चाहती है, के सवाल पर बोलते हुए तरुण भंडारी ने कहा कि शहीद किसी एक जाति या वर्ग के नहीं होते वह सब के होते हैं। भाजपा सभी शहीदों और इतिहासकारों का सम्मान करती है।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट IV-ए- अचल प्रापर्टियों की ई-नीलामी सार्वजनिक सूचना

सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के रूल 8 (6) की व्यवस्थाओं के साथ पढ़े जाने वाले सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रस्ट एक्ट, 2002 अधीन अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

पंजी. कार्यालय : 9वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, केजी मार्ग, नयी दिल्ली-110001, फोन : 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com

शाखा कार्यालय: एससीओ 218-219, द्वितीय तल, सेक्टर 12, भाग 1, सिटी सेंटर हुडा, करनाल - 132001

सर्वसाधारण व विशेषतः कालम नं. ए में वर्णित कर्जदारों/गारंटरों को सूचित किया जाता है कि कालम नं.-डी में वर्णित अचल प्रापर्टियां सुरक्षित क्रेडिटर के पास गिरवी/चार्ज्ड हैं, जिसका मै. **पीएनबी हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड** के अधिकृत अफसर/सुरक्षित क्रेडिटर द्वारा (कालम नं.-सी में वर्णित) कब्सट्रक्टिव/फिजिकल कब्जा ले लिया गया है और इन्हें निम्न विवरणानुसार ''जैसे है जहां है'' ''जो भी है'' आधार पर बेचा जाएगा। अंततम संशोधित सिक्योरिटी इंट्रस्ट एनफोर्समेंट रूल्ज़, 2002 के रूल 8(6) और 9 अधीन कालम-ए में वर्णित संबंधित कर्जदारे/मोर्टगेजरों (अब मृतक), जैसा भी मामला हो, के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों (मालूम या नामालूम), एग्जीक्यूटर, प्रशासक, उत्तराधिकारियों, एसाइनियों को नोटिस जारी किया जाता है। बिक्री की विस्तृत शर्तों, प्रतिबंध के लिए **मै. पीएनबी हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड/सुरक्षित क्रेडिटर की वेबसाइट www.pnbhousing.com** पर प्रदान किए लिंक का अवलोकन करें।

लोन नं./ कर्जदार का नाम सह-कर्जदार/ गारंटर/ कानूनी वारिस का नाम (ए)	अपेक्षित राशि एवं तिथि (बी)	कब्जे की किस्म (सी)	गिरवी प्रापर्टी का विवरण (डी)	आरक्षित कीमत (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली जमा कराने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि दर (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि व समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/ अदालती मामले, यदि हों (के)
HOU/KAR/1217/ 467125, सुशील कुमार/ सुनीता देवी शा. कार्या. : करनाल	रु. 17,46,482.61 (केवल सत्रह लाख छियालीस हजार चार सौ बयासी रुपये एवं इकसठ पैसे) दिनांक 18.04.2022 के अनुसार बकाया	भौतिक	फ्लाट स्थित है-वार्ड नं.- 17, विग कालोनी घरौंडा, कसपय पेटर वाली गली तहसील **घरौंडा करनाल हरियाणा-132114,** खेवट नं. 1257, खतौनी नं. 1561 मुरब्बा नं. 147 किल्ला नं. 20, में शामिल, रकबा 3 कनाल 12 मरले रकबर 5 मरले (150 वर्गफुट) का 5/72 हिस्सा, जमाबंदी वर्ष 2010-2011 के अनुसार, श्रीमती **सुनीता देवी** के नाम पर, सेल डीड रॉज. नं. 4299 दिनांक 06.01.2014 के तहत।	रु. 13,61,000/-	रु. 1,36,100/-	30.01.2025	रु. 10,000/-	20.01.2025 प्रातः 10:00 से अप. 05.30 बजे तक	31.01.2025 अप. 02:00 से अप. 03.00 बजे तक	*निल/अज्ञात

* भुगतान की तिथि तथा/या उसकी वापसी तक खर्च हुए आकस्मिक खर्चों, लागत, चार्जिज इत्यादि सहित लागू होने के अनुसार 18% वार्षिक भविष्य के ब्याज सहित। ** पीएनबी हाउसिंग फाइनांस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं सूचना के अनुसार कालम नं.-K में वर्णित को छोड़कर उक्त अचल/सुरक्षित परिसम्पत्ति के संबंध में कोई भी दायित्व/दावा नहीं है। इस तरह के किसी भी उजागर होने वाले दायित्व का भुगतान सफल खरीदार/बोलीदाता को खुद करना होगा। प्रस्तावित खरीदार/बोलीदाताओं को प्रार्थना की जाती है कि वे उक्त दायित्वों की स्वतंत्र रूप में जांच कर लें।

1. आज तक, उक्त अचल प्रापर्टीज/सुरक्षित परिसम्पत्ति को बेचने, पृथक करने तथा/या निपटारा करने से पीएनबी एचएफएल के अधिकारी अधिकारी पर कोई भी रोक आदेश तथा/या न्यायालय आदेश नहीं है। तथा स्टेटस कालम नं. के में दर्शाया गया है। 2. प्रस्तावित खरीददार/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां पेशकश देने या निविदा/बोली आवेदन प्रपत्र जमा करवाने से पूर्व कालम नं.-के में वर्णित प्रक्रिया/पारित आदेशों आदि, यदि हो, जोकि PNBHFL के पास उपलब्ध दस्तावेजों के टाइटल तक ही सीमित नहीं है, की प्रक्रियाओं का स्वतंत्र निरीक्षण कर सकते हैं। बोलीदाता को बोली प्रपत्र सहित इस नीलामी की शर्तों एवं प्रतिबंधों पर हस्ताक्षर करना होगा। 3. कृपया नोट करें कि सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के नियम 9(3) के अनुरूप, बोलीदाता/खरीदार उसी दिन या अधिकतम अगले कार्यदिवस को बिक्री मूल्य का 25% (धरोहर राशि, यदि कोई जमा करवायी गई हो, सहित) जमा करवाने के लिए कानूनी तौर पर बंधक है। बिक्री की पुष्टि सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित क्रेडिट द्वारा बिक्री कीमत के 25% की प्राप्ति के बाद ही बोलीदाता के पक्ष में की जाएगी। बिक्री राशि का शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की प्राप्ति की तिथि से 15 दिनों के भीतर खरीददार द्वारा जमा करवाया जाए, अन्यथा प्रापर्टी/सुरक्षित परिसम्पत्ति को पुनः बेचा जाएगा। **4. मै. सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (कार्पोरेट कार्यालय - प्लाट नं. 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर-44, गुड़गांव, हरियाणा-122003 वेबसाइट- www.bankeauctions.com) ई-नीलामी द्वारा बिक्री आयोजित करने में अधिकृत अधिकारी की सहायता करेगी। प्रापर्टी के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने से संबंधित सहायता हेतु तथा किसी अन्य पूछताछ हेतु या रजिस्ट्रेशन हेतु आपको निम्न से को-आर्डिनेट करना होगा। श्री राहुल दुआ, टोल फ्री : 1800 120 8800, E-Mail: auction@pnbhousing.com, पीएनबी एचएफएल के अधिकृत व्यक्ति का है या www.pnbhousing.com देखें।**

स्थान : करनाल, दिनांक : 14.01.2025 हस्ता./- अधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फायनांस लिमिटेड।

SBI स्टेट बैंक आफ इंडिया — **ई-नीलामी बिक्री सूचना**

स्ट्रेस्ड एसेट्स रिकवरी ब्रांच, # 40 एसडीए कम्प्लेक्स, जोनल कार्यालय इमारत, कसुम्पटी, शिमला-171009, फोन नं. 0177-2626796, 2626795, ई-मेल : sbi.18185@sbi.co.in

**चल/अचल प्रापर्टियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी के लिए सार्वज